 Roll No. …………………..

# BAHL–101

## गद्य साहित्य–I

Bachelor of Arts (B.A.–12/16/17)

First Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

### खण्ड–क

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. हिन्दी गद्य के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए।
2. उपन्यास का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसके तत्व और प्रकारों को विवेचित कीजिए।
3. कहानी कला के तत्वों के आधार पर 'उसने कहा था' कहानी की समीक्षा कीजिए।

4. 'त्यागपत्र' उपन्यास की नारी पात्र 'मृणाल' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

खण्ड–ख

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. प्रेमचंद युगीन कहानी-साहित्य पर प्रकाश डालिए।
2. उपन्यास और कहानी के अन्तर को विवेचित कीजिए।
3. 'अपना-अपना भाग्य' कहानी के प्रतिपाद्य को अपने शब्दों में लिखिए।
4. 'मलबे का मालिक' कहानी की मूल संवेदना का विवेचन कीजिए।
5. 'त्यागपत्र' उपन्यास के कथानक पर प्रकाश डालिए।
6. मनोवैज्ञानिक उपन्यास की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।
7. 'बड़े भाईसाहब' कहानी की कथावस्तु को लिखिए।
8. कहानी के भेदों का विवेचन कीजिए।

खण्ड–ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सही विकल्प चुनिए :

1. 'कविवचन सुधा' के संपादक कौन थे ?

   (अ) भारतेन्दु

(ब) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(स) बालकृष्ण भट्‌ट

(द) प्रताप नारायण मिश्र

2. प्रेमचंद का उपन्यास है :

(अ) नदी के द्वीप

(ब) निर्मला

(स) सुनीता

(द) मुझे चाँद चाहिए

3. मन्नू भण्डारी द्वारा रचित कहानी है :

(अ) मलबे का मालिक

(ब) कफन

(स) स्त्री सुबोधिनी

(द) सिक्का बदल गया

4. 'प्रमोद' किस उपन्यास का पात्र है ?

(अ) त्यागपत्र

(ब) नीला चाँद

(स) आपका बंटी

(द) कितने कमलेश्वर

5. 'उसने कहा था' कहानी कब प्रकाशित हुई ?

(अ) 1920

(ब) 1923

(स) 1915

(द) 1930

एक शब्द में उत्तर दीजिए :

6. 'उसने कहा था' कहानी किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी ?

7. "सब कुछ बदल गया, मगर बोलियाँ नहीं बदलीं" पंक्ति किस कहानी की है ?

सत्य/असत्य चुनिए :

8. 'लहना सिंह' 'उसने कहा था' कहानी का एक पात्र है।

9. 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक भारतेन्दु हैं।

10. 'मलबे का मालिक' कहानी के लेखक 'अमरकांत' हैं।